# <u>महापत्तनों में अक्तूबर, 2021 के दौरान और तक संभाला गया कार्गो यातायात</u>

## <u>भारत के महापत्तनों में कुल कार्गो यातायात</u>

समुद्री यातायात का कार्यकलाप विश्व अर्थव्यवस्था नामत: व्यापार एवं आउटपुट में वृद्धि से चालित होता है। इस प्रकार, पत्तनों द्वारा संभाले गए समुद्री कार्गो यातायात की मात्रा का आकार मुख्य रूप से वैश्विक एवं घरेलू गतिविधियों के स्तरों एवं परिवर्तनों पर निर्भर होता है। भारत के 12 महापत्तनों में अप्रैल-अक्तूबर 2020-21 के दौरान संभाला गया कार्गो यातायात 356.42 मिलियन टन से **14.1% तक बढ़कर अप्रैल-अक्तूबर, 2021-2022 के दौरान 406.73 मिलियन टन** हो गया है।

महापत्तनों में संभाला गया विदेशी कार्गो यातायात अप्रैल- अक्तूबर, 2020-2021 के दौरान संभाले गए 277.27 मिलियन टन से **12.6%** तक बढ़कर अप्रैल- अक्तूबर, 2021-2022 के दौरान 312.18 मिलियन टन हो गया है। महापत्तनों में संभाला गया तटीय कार्गो यातायात अप्रैल- अक्तूबर, 2020-2021 के दौरान संभाले गए 79.14 मिलियन टन से **19.5%** तक बढ़कर अप्रैल- अक्तूबर, 2021-2022 के दौरान 94.56 मिलियन टन हो गया है।

## <u>अक्तूबर, 2021 के दौरान पत्तनवार संभाला गया कार्गो</u>

भारत के महापत्तनों में अक्तूबर, 2021 के दौरान संभाला गया कार्गो 59.86 मिलियन टन है जिसमें पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 6.0% की वृद्धि देखी जा सकती है। महापत्तनों में अक्तूबर, 2021 के दौरान संभाला गया तटीय कार्गो अक्तूबर, 2020 के दौरान संभाले गए 11.13 मिलियन टन से 32.2% बढ़कर अक्तूबर, 2021 के दौरान 14.72 मिलियन टन हो गया है। महापत्तनों में अक्तूबर, 2021 के दौरान संभाला गया विदेशी कार्गो अक्तूबर, 2020 के दौरान संभाले गए 45.34 मिलियन टन से 0.4% घटकर 45.15 मिलियन टन हो गया है।


- अक्तूबर, 2021 के दौरान; कामराजार पत्तन ने संभाले गए यातायात में 74.2% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। इसके बाद मुंबई पत्तन (29.7%), कोचीन पत्तन (17.8%), दीनदयाल पत्तन (12.5%), वीओसी पत्तन (12.4%), चेन्नई पत्तन (11.5%), जेएनपीटी (9.2%) और एनएमपीटी (6.6%) आते हैं। अक्तूबर, 2021 के दौरान नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाले महापत्तनों में, एसएमपी हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (22.3%), मुरगांव पत्तन (21.7%), पारादीप पत्तन (7.7%), एसएमपी कोलकाता डॉक प्रणाली (4.7%) और विशाखपट्टनम पत्तन (3.3%) शामिल हैं।
- 12 महापत्तनों में से, दीनदयाल पत्तन ने महापत्तनों में संभाले गए कुल कार्गो में 18.4% की हिस्सेदारी के साथ 11.0 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की इसके बाद, पारादीप पत्तन (15.2%), जेएनपीटी (10.4%), वैजाग पत्तन (9.8%), मुंबई पत्तन (9.0%), चेन्नई पत्तन (7.5%), एसएमपी हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (5.4%), एनएमपीटी (5.2%), कामराजार पत्तन (5.1%), कोचिन पत्तन (5.0%), वीओसी पत्तन (4.5%), एसएमपी कोलकाता डॉक प्रणाली (2.3%) और मुरगांव पत्तन (2.1%) आते हैं।

- विस्तृत सामान के स्तर पर अक्तूबर, 2021 में दालों ने 3339.4% की सर्वाधिक वृद्धि प्राप्त की है। इसके बाद, दालों को छोड़ कर खाद्यान्न (595.5%), परियोजना कार्गो (89.7%), अन्य अयस्क (71.8%), पीओएल उत्पाद (56.0%), लोहा और इस्पात (26.4%), थर्मल कोयला (15.7%), अन्य सामान (13.0%), खाद्य तेल (11.2%), पीओएल क्रूड (10.4%), कंटेनर (9.0%) और चीनी (2.1 %) आते हैं। अक्तूबर, 2021 में उर्वरक ने 62.5% की अधिकतम नकारात्मक वृद्धि दर्ज की है इसके बाद, कोकिंग कोयला (37.9%), लौह अयस्क/पेल्लेट्स (37.8%), सीमेंट (29.8%), अन्य कोयला (14.5%), एलपीजी/एलएनजी (6.2%), एफआरएम लिक्विड (3.4%) और एफआरएम-ड्राई (0.4%), आते हैं।
- विस्तृत सामान के स्तर पर अक्तूबर, 2021 में कंटेनरों ने 23.4% हिस्से के साथ 14.02 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की है। इसके बाद पीओएल क्रूड (19.7%), थर्मल कोयला (12.4%), अन्य सामान (9.4%), पीओएल उत्पाद (9.4%), लौह अयस्क (5.6%), कोकिंग कोयला (3.8%), अन्य कोयला (3.2%), एलपीजी/एलएनजी (2.3%), लोहा एवं इस्पात (1.8%), खाद्य तेल (1.7%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (1.6%), एफआरएम ड्राई (1.4%), अन्य अयस्क (1.3%), उर्वरक (1.0%), एफआरएम लिक्विड (0.9%), चीनी (0.4%), सीमेंट (0.3%), दालें (0.2%) और परियोजना कार्गो (0.1%) आते हैं।

**<u>अप्रैल- अक्तूबर 2021-22 के दौरान संभाला गया कार्गो यातायात</u>**

- अप्रैल- अक्तूबर, 2021-2022 के दौरान, महापत्तनों में कामराजार पत्तन ने 75.9% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की है इसके बाद जेएनपीटी (30.4%), कोचीन पत्तन (25.9%), चेन्नई पत्तन (23.1%), मुंबई पत्तन (16.5%), दीनदयाल पत्तन (14.5%), एसएमपी कोलकाता डॉक प्रणाली (9.2%), एनएमपीटी (7.8%), वीओसी पत्तन (6.9%), पारादीप पत्तन (5.3 %), मुरगांव पत्तन (4.8%) और विशाखापट्टणम पत्तन (1.1%) आते हैं। अप्रैल- अक्तूबर, 2020-2021 की तुलना में अप्रैल- अक्तूबर, 2021-2022 के दौरान एसएमपी हल्दिया डॉक परिसर (0.3%) यातायात में नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाला एक मात्र महापत्तन है। (तालिका-क)
- अप्रैल- अक्तूबर, 2021-2022 के दौरान महापत्तनों में 18.2% हिस्से के साथ दीनदयाल पत्तन ने 74.0 मिलियन टन की अधिकतम कार्गो संभलाई की। इसके बाद पारादीप पत्तन (16.0%), जेएनपीटी (10.5%), विशाखापट्टणम पत्तन (9.7%), मुंबई पत्तन (8.2%), चेन्नई पत्तन (6.8%), एसएमपी हल्दिया डॉक परिसर (5.8%), कामराजार पत्तन (5.4%), एनएमपीटी (5.2%), वीओसी पत्तन (5.0%), कोचीन पत्तन (4.7%), मुरगांव पत्तन (2.6%), और एसएमपी कोलकाता डॉक प्रणाली (2.0%) आते हैं। (नीचे दिया गया ग्राफ-।)

**ग्राफ-I अप्रैल-अक्तूबर 2021-22 के दौरान संभाले गए कार्गो का पत्तन-वार हिस्सा**




| तालिका-क: पत्तन वार संभाला गया मासिक कार्गो यातायात | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | (हजार टनों में) |
| क्र.सं. | पत्तनों के नाम | | अक्तूबर, 2020 (पी) | | अक्तूबर, 2021 (पी) | | (अप्रैल-अक्तूबर, 2020-2021) पी | | (अप्रैल-अक्तूबर, 2021-2022) (पी) | | % बदलाव {(कॉ.10/ कॉ.8-1) *100} |
| | | | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| | एसएमपी कोलकाता | विदेशी | 5096 | 11.2 | 3954 | 8.8 | 26796 | 9.7 | 28179 | 9.0 | **5.2** |
| | | तटीय | 513 | 4.6 | 654 | 4.4 | 4264 | 5.4 | 3508 | 3.7 | **-17.7** |
| | | कुल | 5609 | 9.9 | 4608 | 7.7 | 31060 | 8.7 | 31687 | 7.8 | **2.0** |
| | केडीएस | विदेशी | 1384 | 3.1 | 1321 | 2.9 | 7310 | 2.6 | 7964 | 2.6 | **8.9** |
| 1 | | तटीय | 31 | 0.3 | 28 | 0.2 | 169 | 0.2 | 202 | 0.2 | **19.5** |
| | | कुल | 1415 | 2.5 | 1348 | 2.3 | 7480 | 2.1 | 8166 | 2.0 | **9.2** |
| | एचडीसी | विदेशी | 3712 | 8.2 | 2634 | 5.8 | 19486 | 7.0 | 20216 | 6.5 | **3.7** |
| | | तटीय | 482 | 4.3 | 626 | 4.3 | 4095 | 5.2 | 3306 | 3.5 | **-19.3** |
| | | कुल | 4194 | 7.4 | 3260 | 5.4 | 23581 | 6.6 | 23521 | 5.8 | **-0.3** |
| | पारादीप | विदेशी | 7847 | 17.3 | 5480 | 12.1 | 46283 | 16.7 | 43522 | 13.9 | **-6.0** |
| | | तटीय | 2037 | 18.3 | 3638 | 24.7 | 15685 | 19.8 | 21757 | 23.0 | **38.7** |
| 2 | | कुल | 9884 | 17.5 | 9118 | 15.2 | 61967 | 17.4 | 65279 | 16.0 | **5.3** |
| | विजैग | विदेशी | 5021 | 11.1 | 4060 | 9.0 | 29361 | 10.6 | 27503 | 8.8 | **-6.3** |
| | | तटीय | 1019 | 9.2 | 1783 | 12.1 | 9446 | 11.9 | 11748 | 12.4 | **24.4** |
| 3 | | कुल | 6040 | 10.7 | 5843 | 9.8 | 38807 | 10.9 | 39251 | 9.7 | **1.1** |
| | कामराजार | विदेशी | 1028 | 2.3 | 1685 | 3.7 | 6753 | 2.4 | 13329 | 4.3 | **97.4** |
| | | तटीय | 729 | 6.5 | 1375 | 9.3 | 5777 | 7.3 | 8710 | 9.2 | **50.8** |
| 4 | | कुल | 1757 | 3.1 | 3060 | 5.1 | 12530 | 3.5 | 22039 | 5.4 | **75.9** |
| | चेन्नई | विदेशी | 3466 | 7.6 | 3853 | 8.5 | 19653 | 7.1 | 23685 | 7.6 | **20.5** |
| | | तटीय | 539 | 4.8 | 612 | 4.2 | 2732 | 3.5 | 3872 | 4.1 | **41.7** |
| 5 | | कुल | 4005 | 7.1 | 4465 | 7.5 | 22385 | 6.3 | 27557 | 6.8 | **23.1** |
| | वी.ओ.सी. | विदेशी | 1427 | 3.1 | 1827 | 4.0 | 12780 | 4.6 | 13949 | 4.5 | **9.1** |
| | | तटीय | 988 | 8.9 | 888 | 6.0 | 6180 | 7.8 | 6319 | 6.7 | **2.2** |
| 6 | | कुल | 2415 | 4.3 | 2715 | 4.5 | 18960 | 5.3 | 20267 | 5.0 | **6.9** |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | कोचिन | विदेशी | 1478 | 3.3 | 1953 | 4.3 | 9560 | 3.4 | 12149 | 3.9 | **27.1** |
| | | तटीय | 1064 | 9.6 | 1042 | 7.1 | 5562 | 7.0 | 6892 | 7.3 | **23.9** |
| | | कुल | 2542 | 4.5 | 2995 | 5.0 | 15122 | 4.2 | 19041 | 4.7 | **25.9** |
| 8 | नव मंगलूर | विदेशी | 2198 | 4.8 | 2520 | 5.6 | 14481 | 5.2 | 15603 | 5.0 | **7.7** |
| | | तटीय | 742 | 6.7 | 613 | 4.2 | 4993 | 6.3 | 5389 | 5.7 | **7.9** |
| | | कुल | 2940 | 5.2 | 3132 | 5.2 | 19474 | 5.5 | 20992 | 5.2 | **7.8** |
| 9 | मुरगांव | विदेशी | 1536 | 3.4 | 1170 | 2.6 | 9635 | 3.5 | 9538 | 3.1 | **-1.0** |
| | | तटीय | 75 | 0.7 | 91 | 0.6 | 540 | 0.7 | 1120 | 1.2 | **107.5** |
| | | कुल | 1611 | 2.9 | 1261 | 2.1 | 10174 | 2.9 | 10658 | 2.6 | **4.8** |
| 10 | मुंबई | विदेशी | 2483 | 5.5 | 3287 | 7.3 | 15521 | 5.6 | 19533 | 6.3 | **25.9** |
| | | तटीय | 1689 | 15.2 | 2126 | 14.4 | 13110 | 16.6 | 13822 | 14.6 | **5.4** |
| | | कुल | 4172 | 7.4 | 5413 | 9.0 | 28630 | 8.0 | 33355 | 8.2 | **16.5** |
| 11 | जेएनपीटी | विदेशी | 5372 | 11.8 | 5929 | 13.1 | 30433 | 11.0 | 40453 | 13.0 | **32.9** |
| | | तटीय | 357 | 3.2 | 326 | 2.2 | 2237 | 2.8 | 2154 | 2.3 | **-3.7** |
| | | कुल | 5729 | 10.1 | 6255 | 10.4 | 32670 | 9.2 | 42607 | 10.5 | **30.4** |
| 12 | केपीटी/ डीपीटी | विदेशी | 8392 | 18.5 | 9432 | 20.9 | 56020 | 20.2 | 64736 | 20.7 | **15.6** |
| | | तटीय | 1381 | 12.4 | 1567 | 10.7 | 8616 | 10.9 | 9263 | 9.8 | **7.5** |
| | | कुल | 9773 | 17.3 | 10999 | 18.4 | 64636 | 18.1 | 73998 | 18.2 | **14.5** |
| **कुल** | | **विदेशी** | **45342** | **80.3** | **45149** | **75.4** | **277274** | **77.8** | **312177** | **76.8** | 12.6 |
| | | **तटीय** | **11134** | **19.7** | **14716** | **24.6** | **79141** | **22.2** | **94555** | **23.2** | 19.5 |
| | | **कुल** | **56476** | **100.0** | **59865** | **100.0** | **356416** | **100.0** | **406732** | **100.0** | 14.1 |

स्रोत:- पत्तन आंकड़ा प्रबंधन पोर्टल (पीडीएमपी), पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय पी – अनंतिम

- विस्तृत सामान के स्तर पर अप्रैल-अक्तूबर, 2021-2022 के दौरान दालों को छोड़कर खाद्यान्न ने 565.9% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की है इसके बाद दाले (87.9%), थर्मल कोयला (38.3%), अन्य अयस्क (38.9%), कंटेनर (29.6%), परियोजना कार्गो (25.2%), अन्य सामान (19.9%), खाद्य तेल (15.0%), पीओएल उत्पाद (13.6%), कोकिंग कोयला (12.2%), एफआरएम ड्राई (11.2%), पीओएल-क्रूड (10.7%), एलपीजी /एलएनजी (9.0%) और एफआरएम लिक्विड (0.9%) आते हैं। उर्वरक ने अप्रैल- अक्तूबर, 2020-2021 की तुलना में यातायात में 38.2% की सबसे अधिक नकारात्मक वृद्धि दर्ज की है इसके बाद चीनी (34.9%), लौह अयस्क पेल्लेट्स फाइन (19.7%), अन्य कोयला (5.3%), सीमेंट (5.1%) और लोहा एवं इस्पात (3.9%) आते हैं। **(तालिका-ख)**
- सभी सामानों में अप्रैल- अक्तूबर, 2021-2022 के दौरान कंटेनर ने 23.6% के हिस्से के साथ 95.97 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो की संभलाई की है। इसके बाद पीओएल-क्रूड (19.4%), थर्मल कोयला (13.0%), अन्य सामान (8.9%), पीओएल उत्पाद (8.4%), लौह अयस्क/पेल्लेट्स (7.6%), कोकिंग कोयला (5.1%), अन्य कोयला (2.7%), एलपीजी/ एलएनजी (2.2%), लोहा एवं इस्पात (1.8%), खाद्य तेल (1.6%), एफआरएम ड्राई (1.2%), उर्वरक (1.0%), अन्य अयस्क (0.9%), एफआरएम लिक्विड (0.9%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (0.7%), चीनी (0.4%), सीमेंट (0.3%) और परियोजना कार्गो (0.1%) आते हैं।
-


| तालिका –ख : महापत्तनों में कार्गो यातायात की वस्तु-वार वृद्धि | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (हजार टनों में) | | | | | | | | | |
| वस्तु | अक्तूबर, 2020 | | अक्तूबर, 2021 (पी) | | (अप्रैल- अक्तूबर, 2020-2021) | | (अप्रैल- अक्तूबर, 2021-2022) (पी) | | % बदलाव {(कॉ.8/कॉ.6 -1)* 100} |
| | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | |
| पीओएल क्रूड | 10675 | 18.9 | 11790 | 19.7 | 71327 | 20.0 | 78987 | 19.4 | 10.7 |
| पीओएल उत्पाद | 3610 | 6.4 | 5633 | 9.4 | 30209 | 8.5 | 34328 | 8.4 | 13.6 |
| एलपीजी या एलएनजी | 1453 | 2.6 | 1363 | 2.3 | 8378 | 2.4 | 9129 | 2.2 | 9.0 |
| खाद्य तेल | 904 | 1.6 | 1006 | 1.7 | 5790 | 1.6 | 6657 | 1.6 | 15.0 |
| एफआरएम-लिक्विड | 561 | 1.0 | 542 | 0.9 | 3567 | 1.0 | 3600 | 0.9 | 0.9 |
| लौह अयस्क पेल्लेट्स/ फाइन | 5413 | 9.6 | 3369 | 5.6 | 38537 | 10.8 | 30937 | 7.6 | -19.7 |
| अन्य अयस्क | 445 | 0.8 | 764 | 1.3 | 2753 | 0.8 | 3825 | 0.9 | 38.9 |
| थर्मल कोयला | 6433 | 11.4 | 7444 | 12.4 | 38218 | 10.7 | 52839 | 13.0 | 38.3 |
| कोकिंग कोयला | 3681 | 6.5 | 2288 | 3.8 | 18422 | 5.2 | 20671 | 5.1 | 12.2 |
| अन्य कोयला | 1654 | 2.9 | 1893 | 3.2 | 11582 | 3.2 | 10968 | 2.7 | -5.3 |
| उर्वरक | 1632 | 2.9 | 614 | 1.0 | 6815 | 1.9 | 4211 | 1.0 | -38.2 |
| एफआरएम-ड्राई | 822 | 1.5 | 819 | 1.4 | 4326 | 1.2 | 4810 | 1.2 | 11.2 |
| दालों को छोड़कर खाद्यान्न | 136 | 0.2 | 948 | 1.6 | 427 | 0.1 | 2840 | 0.7 | 565.9 |
| दालें | 3 | 0.0 | 117 | 0.2 | 144 | 0.0 | 270 | 0.1 | 87.9 |
| चीनी | 241 | 0.4 | 246 | 0.4 | 2574 | 0.7 | 1675 | 0.4 | -34.9 |
| सीमेंट | 285 | 0.5 | 200 | 0.3 | 1425 | 0.4 | 1352 | 0.3 | -5.1 |
| लोहा और इस्पात | 868 | 1.5 | 1097 | 1.8 | 7429 | 2.1 | 7137 | 1.8 | -3.9 |
| परियोजना कार्गो | 37 | 0.1 | 70 | 0.1 | 292 | 0.1 | 366 | 0.1 | 25.2 |
| कंटेनर – टन | 12630 | 22.4 | 14022 | 23.4 | 74052 | 20.8 | 95967 | 23.6 | 29.6 |
| कंटेनर – टीईयू (हजार में) | 866 | - | 944 | - | 4936 | - | 6418 | - | 30.0 |
| अन्य | 4993 | 8.8 | 5642 | 9.4 | 30151 | 8.5 | 36163 | 8.9 | 19.9 |
| **कुल** | **56476** | **100** | **59865** | **100** | **356416** | **100** | **406732** | **100** | **14.1** |

स्रोत:- पत्तन आंकड़ा प्रबंधन पोर्टल (पीडीएमपी), पोत परिवहन मंत्रालय पी – अनंतिम

## <u>अप्रैल- अक्तूबर, 2021-22 के दौरान संभाला गया विदेशी एवं तटीय कार्गो यातायात</u>


- अप्रैल-अक्तूबर, 2021-22 के दौरान महापत्तनों में दीनदयाल पत्तन ने 20.7% हिस्से के साथ 64.74 मिलियन टन के अधिकतम विदेशी कार्गो की संभलाई की। इसके बाद पारादीप पत्तन (13.9%), जेएनपीटी (13.0%), विशाखापट्टणम पत्तन (8.8%), चेन्नई पत्तन (7.6%), एसएमपी हल्दिया डॉक (6.5%), मुंबई पत्तन (6.3%), एनएमपीटी (5.0%), वीओसी पत्तन (4.5%), कामराजार पत्तन (4.3%), कोचिन पत्तन (3.9%), मुरगांव पत्तन (3.1%) और एसएमपी कोलकाता डॉक (2.6%) आते हैं। (**ग्राफ-II**)

**ग्राफ-।। अप्रैल-अक्तूबर 2021-22 के दौरान संभाले गए विदेशी कार्गो का हिस्सा**




- अप्रैल- अक्तूबर, 2021-22 के दौरान महापत्तनों में 23.0% हिस्से के साथ पारादीप पत्तन ने 21.76 मिलियन टन के अधिकतम तटीय कार्गो की संभलाई की। इसके बाद मुंबई पत्तन (14.6%), विशाखापट्टणम पत्तन (12.4%), दीनदयाल पत्तन (9.8%), कामराजार पत्तन (9.2%), कोचिन पत्तन (7.3%), वीओसी पत्तन (6.7%), एनएमपीटी (5.7%), चेन्नई पत्तन (4.1%), एसएम पी हल्दिया डॉक (3.5%), जेएनपीटी (2.3%), मुरगांव पत्तन (1.2%) और एसएमपी कोलकाता डॉक (0.2%) आते हैं। (**ग्राफ-।।।**)

**ग्राफ-।।। अप्रैल-अक्तूबर 2021-22 के दौरान संभाले गए तटीय कार्गो का पत्तन -वार हिस्सा**




******************************